## प्रेस नोट दिनांक- 15.10.2025

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025
थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ ।

दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित 01 वाल अपचारी को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी हथिगवां श्री नन्दलाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 दिलीप कुमार वर्मा मय हमराहीगण का0 विपिन सारस्वत व म0 आ0 नीलम द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-212/2025 धारा 69/89/352/351 (3) बीएनएस से संबंधित 01 वाल अपचारी को थाना क्षेत्रातंर्गत हथिगवां नहर के पास जिम वाले मकान के पास से अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01 वाल अपचारी ।

पुलिस टीम-
उ0नि0 दिलीप कुमार वर्मा मय हमराहीगण का0 विपिन सारस्वत व म० आ० नीलम थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ ।

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025
थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़ ।

अवैध संबंध के प्रयास एवं साजिशन हत्या के मामले में नामजद वांछित अभियुक्त उदयराज यादव गिरफ्तार

प्रतापगढ़।

दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को वादी की पुत्री अपने भतीजे के साथ दवा लेने चिलबिला बाजार गई थी, जहां से उदय राज यादव पुत्र धर्मराज यादव निवासी ग्राम कमासिन थाना कोतवाली अमेठी, जनपद अमेठी, उम्र लगभग 27 वर्ष द्वारा उसे जबरन कोहड़ौर ले जाया गया। वहां आयुष यादव नामक व्यक्ति से उसे कोई जहरीला इंजेक्शन लगवाया गया, जिससे कविता की तबीयत गंभीर हो गई। उपचार के दौरान जिला अस्पताल प्रतापगढ़ में उसकी मृत्यु हो गई।

वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोहड़ौर में मु0अ0सं0 161/25, धारा 105/61(2)a/352/351(3) BNS व 3(1)/3(1)ध/3(2)5/3(2)5क अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के अंतर्गत 02 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक नगर/ क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कोहंडौर श्री धनन्जय राय के पर्वेक्षण में थाना कोहंडौर के उ0नि0 राजकुमार मिश्रा मय हमराह का. अजय गौड़ द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वारण्टी, वाछित अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत मु0अ0सं0 161/25 धारा 105/61 (2)a/352/351 (3) BNS व 3(1) /3(1)ध/3 (2)5/3 (2)5क एससी/एसटी एक्ट थाना कोहंडौर, प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त उदय राज यादव पुत्र धर्मराज यादव निवासी ग्राम कमासिन थाना कोतवाली अमेठी जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को थाना क्षेत्रान्तर्गत टोल प्लाजा धरौली मधुपुर के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मै अपने गांव की महिला मृतका निवासी कमासिन थाना अमेठी जनपद अमेठी के केश में थाना कोहडौर का नामजद मुल्जिम हूँ । इसलिए मैं प्रतापगढ़ अपने वकील से मिलने जा रहा था कि आप लोगने पकड़ लिया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01. उदय राज यादव पुत्र धर्मराज यादव निवासी ग्राम कमासिन थाना कोतवाली अमेठी जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष ।

पुलिस टीम-

उ0नि0 राजकुमार मिश्रा मय हमराह का0 अजय गौड़ थाना कोहंडौर, जनपद प्रतापगढ़ ।